# DIGITAL MOISTURE METER
# MODEL: DMM B18




**INNOVATIVE INSTRUMENTS**


**125, MAHAJAN SOCIETY, B/H CONVENT SCHOOL,**
**FATEHGUNJ, BARODA 390 002, GUJARAT, INDIA.**
**Contact: +91 265 2791184, + 91 6356615024**
**Or Email us at: info@ innovative-instruments.in,**
**innovativeinstrumentsbaroda@gmail.com**
**Visit: www.innovative-instruments.in**


***Since 1981…***

## 1. ऑपरेटिंग स्टेप्स

1) एक लकड़ी की मेज पर मशीन रखें। सुनिश्चित करें कि मशीन के पास कोई ऑब्जेक्ट नहीं है और मशीन में कोई सैंपल नहीं है।

2) ON/OFF स्विच दबाएं। कुछ सेकंड के लिए डिस्प्ले में “buSY” ब्लिंक होगा। जब मशीन “buSY” डिस्प्ले कर रहा हो तब मशीन को स्पर्श न करें।

   buSY

3) “Pour” प्रदर्शित होने तक प्रतीक्षा करें।

   Pour

4) "Pour” डिस्प्ले होने के बाद, चैनल 1 स्विच दबाने पर, खाली मशीन “CH 1 00.0 %M” प्रदर्शित करेगा। मशीन में कोई सैंपल न गिराए जाने पर कुछ सेकंड के बाद मशीन स्वचालित रूप से “Pour” प्रदर्शित करेगा।

   CH 1 00.0%M → Pour

5) नमी (मॉइस्चर) परीक्षण के लिए, मशीन पर बताये गए अनुसार सैंपल का weight या volume ले। नमूने के सैंपल को मशीन के साथ में दिए गए हॉपर में भरे। मेज़रमेंट एक्यूरेसी के लिए सैंपल के उल्लेख के अनुसार सटीक वजन करना बेहद जरुरी है। "FULL" या "WEIGHT NOT MENTIONED" के लिए, पूरी तरह से हॉपर भरें।

6) सैंपल भरे हुए हॉपर को मशीन पर रखें और लीवर दबाकर सैंपल को मशीन में छोड़ दें।

7) हॉपर को मशीन के ऊपर से हटा ले।

8) नमी (मॉइस्चर) मापन शुरू करने के लिए उपयुक्त चैनल स्विच दबाएं। कुछ सेकंड के लिए “buSY” ब्लिंक होगा, उसके बाद मॉइस्चर डिस्प्ले किया जाएगा। जब मशीन डिस्प्ले में "buSY" ब्लिंक कर रहा हो तब मशीन को न हिलाये और न तो स्पर्श करें।

   CH 1 11.7%M

   “CH 1” चैनल / स्विच नंबर है, व् “ 11 .7” नमी (मॉइस्चर) % है।

9) मशीन खाली हो जाने के कुछ सेकंड बाद “Pour” display किया जाएगा। मशीन ये समझने के लिए पर्याप्त बुद्धिमान है कि सैंपल निकाला गया है और अब मशीन की कैविटी खाली है। जब मशीन “Pour” डिस्प्ले करता है तब अगला सैंपल मापा जा सकता है। स्टेप 3 से दोहराएं।

10) उपयोग में नहीं होने पर मशीन 10 मिनट के बाद स्वचालित रूप से बंद हो जाएगी। या मशीन को बंद करने के लिए ON/OFF दबाए।

**कपास बीज, रुई, कपास में नमी (मॉइस्चर) माप के लिए संचालन प्रक्रिया:**

- ऊपर बताए अनुसार चरण 1 से 4 का पालन करें।
- मीटर पर बताए अनुसार नमूने को तौलें और मीटर कैविटी में हाथ से भरें।
- नमूना को हाथ से तब तक धीरे से दबाएं जब तक कि नमूना मीटर कैविटी में संकुचित न हो जाए।
- ऊपर बताए अनुसार चरण 8 से 10 का पालन करें।

## 2. बैटरी इंस्टालेशन

- यदि किसी भी स्विच को दबाए जाने पर डिस्प्ले पर "LobAt" दिखाई देता है, तो बैटरी के बदलने की आवश्यकता है।

LobAt

- बैटरी मशीन के नीचे स्थित है। बैटरी को बदलने के लिए फ्लैप को पॉप अप करें। उचित ध्रुवीयता के साथ 4 नयी बैटरी (1.5V, AA पेंसिल सेल) डालिये।

## 3. सैंपल तैयारी और हैंडलिंग

- सर्वोत्तम प्रतिनिधि परिणाम प्राप्त करना सबसे महत्वपूर्ण है। लिया गया सैंपल अच्छी तरह मिश्रित होना चाहिए और इसकी स्थिति कुल बैच के विशिष्ट होना चाहिए। हवा और सैंपल का तापमान, हवा की सापेक्ष आर्द्रता (रिलेटिव ह्युमिडीटी) और सैंपल की नमी (मॉइस्चर); ये सभी पैरामीटर्स मिलकर निर्धारित करते है कि सैंपल नमी (मॉइस्चर) खो देता है या नमी (मॉइस्चर) प्राप्त करता है। हवा के संपर्क में रखा गया एक हाई मॉइस्चर वाला सैंपल मिनटों में 1% से 2% नमी (मॉइस्चर) खो सकता है। सैंपल की नमी (मॉइस्चर) परीक्षण करने से पहले सैंपल थोड़े समय के लिए भी हवा के संपर्क में नहीं रखना चाहिए, यदि ऐसा है तो उसे एयर-टाइट कंटेनर या प्लास्टिक बैग में कसकर बंद करके रखा जाना चाहिए। इस तरीके से संग्रहीत सैंपल नमी (मॉइस्चर) खो या प्राप्त नहीं करेगा।
- जब सैंपल शीत वातावरण में से गर्म वातावरण में लाए जाते है तब हवा में से नमी (मॉइस्चर) सैंपल की सरफेस पर कन्डेंस होती है। ऐसे सैंपल मशीन में गलत रीडिंग दिखाएंगे। ऐसे सैंपलों को गर्म वातावरण में वापस लाने से पहले एयर-टाइट कंटेनर में सील किया जाना चाहिए और परीक्षण से पहले कमरे के तापमान में गर्म होने के लिए कुछ देर तक रखना चाहिए। गर्म वातावरण में रखे गए सैंपलों के लिए भी इसी तरह की देखभाल की जानी चाहिए।
- सैंपल में बहार से पानी डालने के बाद अगर उसे तुरंत टेस्ट किया जाता है तो मशीन गलत मॉइस्चर रीडिंग दिखायेगा। ऐसे सैम्पल्स जिसमे पानी बहार से ऐड किया गया हो, वे सैम्पल्स को कम से कम 24 घंटे के लिए एक सीलबंद जार में कम तापमान पर रखे जाने चाहिए और समय-समय पर हिलाना चाहिए। इस प्रोसीजर से मॉइस्चर सैंपल के दाने की सतह से दाने के भीतर तक एक सामान (यूनिफार्म) नमी (मॉइस्चर) सुनिश्चित करेगा और फिर मशीन में इसका परीक्षण किया जा सकता है। अगर सैंपल के दाने की सतह पर फ्री वॉटर है तो ऐसा सैंपल मशीन में टेस्ट नहीं किया जा सकता।

INNOVATIVE INSTRUMENTS

## 4. वारंटी

- डिजिटल मॉइस्चर मीटर को खरीद की तारीख से 1 वर्ष की अवधि के लिए सामग्री और कारीगरी में दोष से मुक्त गारंटी दी जाती है। इसमें बैटरी, लापरवाही या दुरुपयोग के कारण होने वाली क्षति या किसी भी अनधिकृत एजेंट द्वारा डिजिटल मॉइस्चर मीटर की मरम्मत या की गयी छेड़-छाड़ शामिल नहीं है। मॉइस्चर मीटर को वारंटी की शर्तों के तहत वापस लौटाया जा सकता है, इससे पहले फैक्ट्री से लिखित प्राधिकरण आवश्यक है।
- यदि सर्विस की आवश्यकता है और प्राधिकरण प्राप्त किया गया है, तो यूनिट को ध्यान से पैक करें और परिवहन प्रीपेड के साथ हमारी फैक्ट्री में वापस करे। यदि डिजिटल मॉइस्चर मीटर वारंटी अवधि के भीतर सर्विस के लिए भेजा जाता है, तो इसे मरम्मत के बाद ग्राहक को फ्री ऑफ़ चार्ज वापस भेज दिया जाएगा। हालांकि, कॉम्पोनेन्ट रिप्लेसमेंट चार्ज किया जाएगा। वारंटी अवधि के बाद सामग्री, श्रम और शिपिंग की लागत पर आपके डिजिटल मॉइस्चर मीटर की मरम्मत की जाएगी।